देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 28.10.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- निर्वाचन आयोग 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण करेगा। अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी, 2026 को प्रकाशित की जाएगी।
- अल्मोड़ा जिले के प्रभारी सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडेय ने राज्य और केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।
- पिथौरागढ़ जिले के उच्च हिमालयी क्षेत्र आदि कैलाश और गूंजी में आगामी दो नवम्बर को होगी अल्ट्रा मैराथन।
- उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न।

विशेष गहन पुनरीक्षण

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण– एसआईआर का दूसरा चरण 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची अगले वर्ष 7 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कल नई दिल्ली में एक प्रेस वार्ता में कहा कि यह प्रक्रिया उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, गोवा, केरल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप को कवर करेगी। उन्होंने कहा कि एसआईआर के दूसरे चरण में 51 करोड़ मतदाता शामिल होंगे।

श्री कुमार ने कहा कि गणना पत्रों की छपाई और बूथ स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण आज से शुरू होगा जो कि 3 नवंबर तक चलेगा। गणना का चरण 4 दिसंबर तक चलेगा। 9 दिसंबर को मतदाता सूची का मसौदा प्रकाशित किया जाएगा। इसके बाद 8 जनवरी 2026 तक दावे और अपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी। अगले साल 9 दिसम्बर से 31 जनवरी तक सत्यापन और सुनवाई की जाएगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की मतदाता सूचियाँ अब फ्रीज कर दी गई हैं।

सचिव समीक्षा

लोक निर्माण विभाग के सचिव और अल्मोड़ा जिले के प्रभारी सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडेय ने अल्मोड़ा विकास भवन सभागार में जिले में संचालित राज्य और केन्द्र सरकार की योजनाओं, केंद्र सरकार के प्रमुख ध्वज वाहक कार्यक्रमों और जिला योजना की विभागवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधीन निर्माण कार्यों में विलम्ब होने पर नाराजगी जताते हुए निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, उद्यान, कृषि, बाल विकास, पशुपालन आदि विभागों की समीक्षा भी की और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री निरीक्षण

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून–मसूरी मोटर मार्ग पर स्थित गलोगी क्षेत्र में चल रहे निर्माणाधीन ट्रीटमेंट कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण, जल निकासी व्यवस्था और सुरक्षा दीवारों से संबंधित कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और निर्धारित समयावधि में पूरे किए जाएं, ताकि आमजन को यातायात में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने श्री जोशी को अवगत कराया कि सड़क किनारे मिट्टी के ढेर लगे होने से इस मार्ग पर यात्रियों और पर्यटकों को परेशानी हो रही है। इस पर कैबिनेट मंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को तत्काल मिट्टी हटवाने और सड़क को पूरी तरह खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मसूरी मार्ग राज्य का एक प्रमुख पर्यटन और संपर्क मार्ग है, जहां सुगम और सुरक्षित यात्रा व्यवस्था सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

अल्ट्रा मैराथन

पिथौरागढ़ जिले के उच्च हिमालयी क्षेत्र आदि कैलाश और गूंजी में आगामी दो नवम्बर को अल्ट्रा मैराथन का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि इस मैराथन में 5 श्रेणियों में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के उच्च हिमालयी क्षेत्र में पहली बार आयोजित हो रही इस मैराथन के लिए देशभर के लगभग 800 लोगो ने रजिस्ट्रेशन किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस आयोजन से जहां क्षेत्र में पर्यटन को नए पंख लगेंगे, वहीं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी लोगों तक पहुंचेगा।

छठ महापर्व सम्पन्न

देशभर में उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ आज चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न हो गया। आज सुबह श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। वहीं, प्रदेश में लोक आस्था का पर्व छठ पूजा उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सपरिवार प्रेमनगर स्थित टोंस नदी के घाट पर पहले अस्ताचलगामी और फिर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस अवसर पर उन्होंने सूर्यदेव और छठ माता से प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उधर, चम्पावत जिले के शारदा, डिप्टेश्वर, रिषेश्वर आदि नदी तटों पर महिलाओं और पुरुषों ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। ऊधमसिंह नगर जिले के सभी छठ घाटों पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने परिवार की सुख–समृद्धि, संतान की दीर्घायु और जीवन में ऊर्जा की कामना को लेकर जल में डुबकी लगाकर सूर्य को अर्घ्य दिया।

जीएसटी उत्सव

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 सितंबर से नयी जीएसटी दरें लागू किये जाने को बचत उत्सव का नाम दिया था। आज प्रस्तुत है स्टेशनरी के सामान पर जीएसटी दरों में कटौती से लोगों को हो रहे लाभ पर एक रिपोर्ट–

टेलीकॉम समिति बैठक

बागेश्वर की जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में जिला टेलीकॉम समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क और संचार व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान बीएसएनएल के डिविजनल इंजीनियर आशीष निगम ने बताया कि जिले में स्थापित कुल 48 मोबाइल टावरों में से 46 टावर सुचारू रूप से कार्यरत हैं, जबकि दो टावर तकनीकी कारणों से संचालित नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने नेटवर्क की स्थिति और शैडो जोन यानी कम नेटवर्क वाले क्षेत्र की जानकारी भी दी। जिलाधिकारी ने बीएसएनएल, एयरटेल और जियो नेटवर्क कंपनियों के अधिकारियों को अपने–अपने नेटवर्क कवरेज की सर्वर आधारित रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की सुचारू व्यवस्था आपातकालीन सेवाओं, आपदा प्रबंधन और जनसंपर्क के लिए अत्यंत आवश्यक है।